अमर उजाला 08/04/2023

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मानविका रही प्रथम

## छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग और अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मानविका बीए द्वितीय वर्ष को दिया गया। दूसरा पुरस्कार रीतिका बीए प्रथम वर्ष व रिया बीए तृतीय वर्ष, तथा तृतीय पुरस्कार सुखप्रीत कौर बीए तृतीय वर्ष, व शक्ति बीए तृतीय वर्ष को दिया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग , मिस्टर अमनीश द्वारा किया गया । जिसका विषय जेंडर सेन्सीटाइजेशन रहा।

इस प्रतियोगिता में 23 छात्र - छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीमा कंसल ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व महिलाओं एवं पुरुषों के समान अधिकारों के बारे में बताया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सीमा कंसल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना की।



छावनी के जीएमएन कॉलेज में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोतिगा में भाग लेतीं छात्राएं। संवाद

## वार्षिक पुरस्कार वितरण में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

**अंबाला सिटी।** एनएमएमडी मॉडल मिडल स्कूल के प्रांगण में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इसमें स्कूली बच्चों की ओर से विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल मैनेजमेंट के पदाधिकारी रतन लाल अग्रवाल, रतन लाल गुप्ता, मुकेश सिंघल, वीरेंद्र अग्रवाल, नवीन गुप्ता, धर्मेश मित्तल और मनीष अग्रवाल का अभिनंदन किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें विशेष तौर पर पंजाबी भांगड़ा, पंजाबी गिद्दा, हरियाणवी नृत्य, छोटे-छोटे बच्चों की ओर से जंगल थीम पर आधारित स्पेशल सांग और देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य नीलम रतन ने बच्चों को पुरस्कृत किया। संवाद